# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**

विनोवापुरी (लोलेपुर) निकट वर्मा उपवन, सुलतानपुर।

**E- mail:- upjnrsultanpur@upjn.co.in**


**पत्रांक 4611 / W-19 / 101** **दिनांकः—30/07/2026**

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः—दैनिक समाचार पत्र VocalTV में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया VocalTV में प्रकाशित खबर **"सुलतानपुर में इथेनॉल टैंकर पलटा, 10 किमी सड़क बंद"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकासखण्ड—भदैया के अन्तर्गत छतौना पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक—गाजा जेवी, नोएडा द्वारा करवाया जा रहा है। उक्त योजना के पाइप के कार्यो को 1.5 वर्ष पहले ही पूर्ण कर रोड गड्ढों को स्थाई रूप से समतल कर दिया गया था। वहां पर कोई भी रोड से सम्बन्धित कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है व न ही कोई गड्ढ़ा छूटा हुआ है। दोमुहा मार्ग पर टैंकर जल निगम के किसी भी गड्ढे से नहीं पलटा है। स्थानीय निवासियों द्वारा भी अवगत कराया गया कि योजना के पाइप लाइन के कार्यों को 1—1.5 वर्ष पूर्व में ही पूर्ण करा दिया गया था (स्थानीय निवासियों द्वारा दिया गया पत्र की छायाप्रति संलग्न) एवं मार्ग पर कोई गड्ढ़ा नहीं था। उक्त मार्ग पर टैंकर पलटने पर उसे निकालने के लिए जे0सी0बी0 एवं क्रेन का प्रयोग किया गया जिस कारण पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रकरण को निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

**संलग्नकः—उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

Digitally signed by VAQAR HUSAIN
Date: 2026.07.30 18:00:58 +05'30'

**(वकार हुसैन)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक :—उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः—** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या कैम्प—सुलतानपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
6. जिला सूचना अधिकारी, सुलतानपुर।
7. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता/श्री धर्मनाथ यादव, जूनियर इंजीनियर।
8. डी0पी0एम0—मेसर्स फिचनर, टी0पी0आई0, सुलतानपुर।
9. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक—गाजा जेवी, नोएडा।

Digitally signed by VAQAR HUSAIN
Date: 2026.07.30 18:01:23 +05'30'

**अधिशासी अभियन्ता**

Click on allow to subscribe to notifications
Stay updated with the latest happenings on our site
Later Allow
Powered by iZooto


# सुलतानपुर में इथेनॉल टैंकर पलटा, 10 किमी सड़क बंद

By VocalTV Desk | Jul 29, 2026, 17:03 IST

Click on allow to subscribe to notifications
Stay updated with the latest happenings on our site
Powered by iZooto





सुलतानपुर, 29 जुलाई (हि.स.) । उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर के भदैया स्थित दोमुहा-सुलतानपुर रोड पर मंगलवार देर रात इथेनॉल से भरा एक टैंकर पलट गया। यह हादसा छतौना गांव के पास हुआ, जिसमें टैंकर चालक गुरमीत सिंह घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

Powered by iZooto



79 साल की उम्र में भी मर्दाना ताकत 10 गुना कैसे बढ़ाएं?

VEERA VIBES



A Millionaire From Lucknow Shows How She Earns ₹1,440,000 Per Week

AI APP



AI-Powered German Hearing Aids - Available With 0% EMI Plans

HEAR.COM

बलरामपुर से इथेनॉल लेकर मिर्जापुर जा रहे दो टैंकरों में से एक यूपी 62 एटी 9688, बीती रात लगभग 1 बजे पलट गया। चालक गुरमीत सिंह के अनुसार, सामने से आ रहे एक ट्रेलर ने साइड मारी, जिससे टैंकर का एक पहिया सड़क किनारे जल जीवन मिशन के लिए खोदी गई पाइपलाइन के गड्ढे में चला गया और टैंकर पलट गया। दूसरा टैंकर (यूपी 61 बीटी 3974) सुरक्षित रहा।

टैंकर पलटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल चालक को बाहर निकाला। चालक ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इथेनॉल ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण, मौके पर तत्काल तीन फायर ब्रिगेड वाहन तैनात किए गए। पलटे हुए टैंकर से केमिकल की गंध आ रही थी, जिससे रिसाव की आशंका जताई गई।

सुरक्षा के मद्देनजर, पुलिस और प्रशासन ने सुलतानपुर से दोमुहा रोड पर लगभग 10 किलोमीटर तक आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया। दोमुहा चौराहा और भुलकी चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस और बैरियर लगाए गए। सड़क बंद होने से स्कूली वाहनों और आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

देहात कोतवाल धर्मबीर सिंह ने बुधवार को बताया कि सुरक्षा कारणों से सड़क पर यातायात रोका गया है। संभावित खतरे को देखते हुए मौके पर दो बड़े और एक छोटा फायर ब्रिगेड वाहन तैनात किया गया है।

हिन्दुस्थान समाचार / दयाशंकर गुप्त

## Tags

regional




प्रमोटेड कंटेंट

श्रीमान,

ग्राम पंचायत छतौना में इनके द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य एक से डेढ़ साल पहले किया गया था जिसका पुनर्स्थापन पूर्णतया कर दिया गया था, विगत दिवस जो एथेनॉल से भरा टैंकर पलटा था, उसको निकालने के लिए जे॰ सी॰ बी॰ और क्रेन का उपयोग किया गया, जिसकी वजह से मिट्टी को एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट किया गया, जिससे जल जीवन मिशन की पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

गवाहान,

Vishal
Shah Nawaz
स्वराज
रज्जब खाँ
राजकुमार
Londhu
Mohd Kaif
जीशान खान
809098012

9795897001
7860742073
9919027712